**संसू, हेमजापुर (मुंगेर)**: धरहरा प्रखंड के बाहाचौकी पंचायत स्थित बापू प्रवेशिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर के परिसर में मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र मुंगेर की ओर से युवा मंडल विकास सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा किनारें बसे चार गांव के युवाओं को नमामि गंगे योजना के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के आयोजन में माउंटेन मूवर्स क्लब दुर्गापुर ने अहम योगदान किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा समन्वयक चितरंजन मंडल ने कहा कि नमामि गंगे परियोजना में युवाओं को जोड़ा गया है। जिन्हें स्वच्छता दूत के नाम से जाना जा रहा है। ऐसे युवाओं द्वारा गंगा की साफ-सफाई सहित विभिन्न तरह के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गंगा किनारे बसे सभी गांव से लगभग 10 युवाओं की इसमें सहभागिता ली जाएगी।

माउंटेन मूवर्स क्लब के द्वारा बाहाचौकी में जनसंपर्क अभियान चलाया गया और लोगों को गंगा को साफ रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी शालीग्राम प्रसाद, पड़हम पंचायत के वार्ड सदस्य रूपेश प्रसाद, माउंटेन मूवर्स क्लब के अध्यक्ष अमर कुमार, सिंघिया के पंकज कुमार सहित हेमजापुर, बाहाचौकी, शिवकुंड व सिंघिया पंचायत के 50 से अधिक युवा शामिल थे।

नारियल विकास बोर्ड
COCONUT DEVELOPMENT BOARD
(कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Agriculture & Farmers Welfare : Govt. of India
प्रदर्शन-सह-बीज-उत्पादन प्रक्षेत्र, सिंहेश्वर, जिला-मधेपुरा- 852128 बिहार

# गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प

हाजीपुर | संवाद सूत्र

नमामि गंगे परियोजना में लोगों की जनसहभागिता के उदेश्य से सोमवार को नेहरू युवा केन्द्र की ओर से गंगा स्वच्छता में योगदान देने के लिए शपथ ग्रहण एवं स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कौनहारा घाट स्थित बिहार आईटीआई संस्थान के विद्यार्थी, प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारी इस कार्यक्रम का नेतृत्व नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा समन्वयक श्वेता सिंह एवं संचालन जिला परियोजना पदाधिकारी मुनेश कुमार ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि गांगा को भारत जैसे देश में मां का दर्जा दिया गया है। जिसकी स्वच्छता के प्रति देश के हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह भी गंगा की स्वच्छता के प्रति सजग भूमिका निभाएं। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य अमरेश कुमार ने बच्चों को बताया कि स्वच्छता वह कुंजी है, जिससे व्यक्ति एवं स्वच्छ जीवन की अवधारणा सजग होगी। नेहरू केन्द्र से लेखापाल केदार नाथ सिंह, रिंकी कुमारी तथा संस्थान के अवधेश कुमार, हिमांशु कुमार, आदित्य, अहमद, नागेश्वर कुमार सहित संस्थान के लगभग सात सौ सदस्य शामिल हुए।




गंगा एवं अन्य नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ लेते युवा। ● हिन्दुस्तान

02.2020 | प्रभात खबर | 06

ब्रीफ न्यूज



कार्यक्रम में शामिल सदस्य व ग्रामीण.

## गंगा की सफाई का लिया संकल्प

**हाजीपुर.** नमामि गंगे परियोजना के जागरूकता अभियान के तहत सदर प्रखंड की तेरसिया पंचायत में शुक्रवार को नेहरु युवा केंद्र, वैशाली के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में तीन युवा मंडलों के सदस्यों के अलावा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे. इस अवसर पर नमामि गंगे के जिला परियोजना पदाधिकारी मुनेश कुमार ने उपस्थित जनों को गंगा को स्वच्छ रखने की शपथ दिलायी. कार्यक्रम में नेयुके, हाजीपुर की रिंकी कुमारी, युवा मंडल सदस्य अजीत, विशाल, अर्चना, अजय, सोनी, निशा समेत 70 लोगों ने हिस्सा लिया.

# युवकों ने चलाया गंगा तट पर स्वच्छता अभियान



गंगा घाट की सफाई करते युवा

**चौसा.** प्रखंड मुख्यालय के चौसा बाजार और मल्लाहटोली गंगा घाट पर 12वें रविवार को स्वच्छ गंगा-निर्मल गंगा की संकल्प के साथ समिति के युवाओं द्वारा श्रमदान करते हुए चौसा बाजार व गंगा के निषाद घाटों पर फैले लकड़ी, प्लास्टिक, कचरा व गंदगी की सफाई की गयी.

# लोगों की भागीदारी से ही होगी गंगा की सफाई



सेमिनार को संबोधित करते शैलेश राय

**संवाददाता** ▷ बक्सर

नेहरू युवा केंद्र बक्सर अंतर्गत नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत चक्की प्रखंड के लीलाधरपुर गांव में गंगा की सफाई के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं व ग्रामीण के बीच गंगा स्वच्छता से जुड़े विषय को बताया गया. मौके पर उपस्थित चंदा पंचायत के मुखिया अजय राय व पूर्व प्रखंड प्रमुख धर्मराज पांडेय ने बताया कि जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी गंगा साफ-सफाई का एक मुख्य विषय होगा. प्रत्येक जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में गंगा की साफ-सफाई के लिए विशेष कार्यक्रम चलाना चाहिए. गंगा हमारी धरोहर है जब हम गंगा जल का प्रयोग करते हैं तो इसे बचाने के लिए भी हमें ही आगे आना होगा. इस मौके पर नमामि गंगे के परियोजना अधिकारी शैलेश कुमार राय, गणेश कुमार, राहुल कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, हृदेश कुमार, नवीन कुमार समेत अन्य मौजूद रहे.

नमामि गंगे

# गंगा को निर्मल बनाने के लिए पांच जिलों के युवाओं का होगा जुटान

पटना | वरीय संवाददाता

गंगा को निर्मल और अविरल बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। खासकर के वो लोग जो गंगा के किनारे रहते है और सीधे किसी-न-किसी रूप से गंगा से जुड़े हैं। उनके सहयोग के बिना कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता है। इस परियोजना के अंतर्गत बिहार से गंगा दूतों का चयन होना है। गंगा दूत गांव-गांव में लोगों को गंगा की सफाई के लिए अलग-अलग तरीको जैसे गंगा घाटों की सफाई, गंगा चौपाल, गंगा शपथ ग्रहण ,वृक्षारोपण से जागरूक करेंगे। ये बातें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की पर्यावरण विशेषज्ञ प्रियंका झा ने कहीं। मंगलवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन युवा और नेहरू युवा केंद्र संगठन के साथ हुए एमओयू के तहत प्रोजेक्ट नमामि गंगे परियोजना में युवाओं की सहभागिता के लिए तीन दिवसीय क्षेत्रीय स्तर पर मस्तिष्क मंथन,उन्मुखीकरण प्रशिक्षण-सह-मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पटना में चल रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओ को गंगा को निर्मल और अविरल बनाने के लिए जोड़ना है। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य निदेशक नेहरू युवा केंद्र बिहार की निदेशक डॉ. कुमारी ज्योत्स्ना,भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के संयुक्त निदेशक गोपाल शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामप्रकाश सहनी, नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक शिवजी पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में पांच जिलों के जिला परियोजना अधिकारी व जिला युवा समन्वयक भाग ले रहे हैं। हैं। जब तक युवा आग नही आएंगे तब तक हम गंगा की सफाई की बात नहीं कर सकते, हमे ज्यादा से ज्यादा युवाओं से सम्पर्क स्थापित करना होगा।



नमामि गंगे परियोजना को लेकर आयोजित कार्यशाला में भाग लेते पर्यावरण विशेषज्ञ। ● हिन्दुस्तान

## तीन दिनों तक चलेगा यह कार्यक्रम

पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. ज्योत्स्ना ने कार्यक्रम में बताया की युवाओ की समग्र भागीदरी से ही के लोगों तक आसानी से पहुचकर जागरूकता फैला सकते हैं। रामप्रकाश सहनी ने बताया कि जैविक खेती से जुड़े अनुभवों को सभी प्रतिभागियों के समक्ष रखा। डॉ. गोपाल शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा। साथ ही अलग-अलग विषयों के गणमान्य प्रशिक्षको द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा, ताकि अधिक से अधिक जन भागीदारी द्वारा गंगा को निर्मल और अविरल बनाया जा सके। कार्यक्रम मे युवाओं की भागीदारी पर अधिक जोर दिया गया। कहा कि युवाओं की सहभागिता के बिना देश में कोई परिवर्तन संभव नहीं है।

---

**जागरूकता** • नमामि गंगे परियोजना के तहत एनवाईके लोगों को दे रहा जानकारी

# गंगा दूतों के माध्यम से अब होगी गंगा की सफाई

### जिले में गंगा किनारे बसे 50 गांवों में चलाया जा रहा है संपर्क अभियान

सिटी रिपोर्टर | बक्सर/चक्की

चक्की प्रखंड क्षेत्र के चक्की में शनिवार को नेहरू युवा केन्द्र के बैनर तले बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में स्थानीय ग्रामीणों को नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत चलाई जाने वाली योजनाओं से अवगत कराया गया। जिला परियोजना पदाधिकारी शैलेश राय के नेतृत्व में नमामि गंगे परियोजना में युवाओं की सहभागिता के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान गंगा सफाई के लिए जन भागीदारी गंगा दूत की नियुक्ति आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला परियोजना पदाधिकारी कि नमामि गंगे योजना के तहत बैठक के माध्यम से दूषित हो रही गंगा की साफ सफाई के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। गंगा के विकास के लिए युवा मंडल की बहाली की जाएगी। जिसमें गंगा किनारे बसे गांवों में गंगा दूतों का चयन किया जाएगा।



ग्रामीणों के साथ बैठक करते डीपीएम।

**गंगा किनारे बसे 50 गांव में चलाया जाएगा संपर्क अभियान** : जिला परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र पूरी तरह सक्रिय है। गंगा के तटीय गावों के युवाओं के माध्यम से अब गंगा साफ होगी, नमामि गंगे जो भारत सरकार अन्तर्गत जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत संचालित हो रहा है। नमामि गंगे अंतर्गत जिले के 50 गांव गंगा के तट पर स्थित है, वहां विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने है। बक्सर जिले अंतर्गत आने वाले सभी 50 गांव में संपर्क अभियान जारी है। विशेषकर युवाओं के माध्यम से गंगा की सफाई व जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना है। सभी गावों में क्लब के माध्यम से गंगा दूत बनाना है। जो भी गंगा दूत बनाये जाएंगे, उन्हें पुनः ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वो गंगा सफाई व प्रदूषण के बारे में अधिक जान सकें।

**गतिविधियों के माध्यम से लोगों को किया जाएगा जागरूक** : नमामि गंगे के माध्यम से अलग-अलग तरह की गतिविधि के माध्यम से लोगों को जानकारी के साथ-साथ जागरूक किया जायेगा। साथ ही, जिला व प्रखंड स्तर के माध्यम से युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसमें भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही गंगा को सफाई क[illegible] बनाने के लि[illegible]एगा। बैठ[illegible]ाज या[illegible]र, धन[illegible]य, राम[illegible]

---

# पौधारोपण के साथ तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



### जीविका दीदियों ने किया पौधारोपण



# Press Cutting of Covid-19 Activity

समाचार सार

## घाट की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



नामामि गंगे के तहत केशोपुर गंगा घाट सफाई करते युवक • जागरण

संवाददाता, सिमरी (बक्सर) : नमामि गंगे योजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र सिमरी इकाई द्वारा रविवार को केशोपुर महावीर घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनवाइवी सोनू दूबे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने गंगा तट पर साफ-सफाई कर कूड़ा एकत्र करते हुए अन्य लोगों को भी इसके लिए उत्प्रेरित किया। इतना ही नहीं, मौके पर मौजूद लोगों को कूड़े के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए प्लास्टिक व पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने की अपील भी की गई। तत्पश्चात, आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए एनवाइवी सोनू दुबे ने कहा कि गंगा नदी करोड़ों लोगों के साथ ही कई वन्य जीवों का भरण-पोषण करती है। लेकिन, बीते कुछ सालों से फैल रहे कूड़े के कारण इसके अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। यह सबकी जिम्मेदारी है कि कूड़े का निस्तारण कर मां गंगा को स्वच्छ और निर्मल रखें। उन्होंने कहा की बहुत जल्द गंगा घाटों पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर नमामि गंगे का संदेश दिया जाएगा।

## गरीब बेटी को किया रक्तदान

**फर्रुखाबाद।** नेहरू युवा केंद्र की परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने लोहिया अस्पताल में अमृतपुर की एक बेटी रिचा को रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि रिचा की तबियत अधिक खराब है। चिकित्सक ने ब्लड चढ़ाने के लिये कहा। उसके मातापिता की कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। परिवार में कोई नहीं है। जब उन्हें सूचना मिली तो उन्होंने लोहिया अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। इसके साथ ही अन्य युवा भी पहुंच गये। उन्होंने लोहिया अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों को मास्क वितरित किये। लोहिया अस्पताल के चिकित्सकों ने कार्य की सराहना की।

## गंगा को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

**बक्सर.** नेहरू युवा केन्द्र अंतर्गत नमामि गंगे परियोजना के तहत सिमरी प्रखंड के दुधीपट्टी गांव सामूहिक विवाह कार्यक्रम में लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम व शपथ समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया. सामूहिक विवाह उत्सव में उपस्थित लोगों ने यह प्रतिज्ञा किया कि आजीवन कभी भी हम गंगा को गंदा नहीं करेंगे. कोई भी प्लास्टिक की वस्तु अथवा कचरा का न हम उपयोग करेंगे और न ही कभी गंगा में कचरा डालेंगे. उपस्थित लोगों को जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे शैलेश कुमार राय ने शपथ दिलायी.

अपील

नेहरू युवा केंद्र की ओर से घर पर बच्चों से बनवाए गए पोस्टर

# पोस्टर बना बच्चे कर रहे घर पर रहने की अपील

माई सिटी रिपोर्टर




**खुर्जा।** कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए प्रधानमंत्री जहां सभी से लॉकडाउन का पालन करने की अपील कर रहे हैं वहीं नन्हें-मुन्ने बच्चे भी पोस्टर बनाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। सोमवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में बच्चों से घर पर पोस्टर बनवाकर उसके माध्यम से घर पर रहने की अपील लोगों से की गई।

खुर्जा क्षेत्र के गांव नगला मोहद्दीनपुर में नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में बच्चों द्वारा अपने घरों में पोस्टर तैयार किए गए। बच्चों ने पोस्टर पर कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने को लेकर जागरूक करने वाले कई प्रकार के स्लोगन लिखे थे। पोस्टरों के माध्यम से ग्रामीणों से लॉक डाउन की अवधि में घरों में रहने की अपील की गई। पोस्टर के माध्यम से नन्हे-मुन्नों ने बताया कि घर में रहकर ही कोरोना वायरस की चेन को तोड़ा जा सकता है। किसी से हाथ नहीं मिलाने, सैनिटाइजर और हैंडवास से हमेशा हाथ धोते रहने तथा अफवाहों से दूर रहने की भी अपील की गई। स्वयं सेविका प्रवेश राजपूत ने कहा कि सभी की सुरक्षा को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। ऐसे में सभी का यह दायित्व बनता है कि सरकार के इस निर्णय का पूरी तरह से पालन करें और अपने घरों में रहकर कोरोना के खिलाफ छिड़ी इस जंग में सरकार का पूरा सहयोग करें। आशू, निकिता, विमल, दुर्गेश, रूप वति, सीमा, अजीत कुमार, विमल, ननुआ आदि रहे।

## पेंटिंग बना, किताबें पढ़कर समय का सदुपयोग कर रहे लोग

**हापुड़।** शहर के लोग घरों में रहकर लॉक डाउन से समय का सदुपयोग कर रहे हैं। घरों में रहकर जहां बच्चे पेंटिंग, खेलकूद कर तो बड़े धार्मिक और ज्ञानवर्धक किताब पढ़कर समय का सदुपयोग कर रहे हैं।

कोरोना वायरस के खिलाफ हर कोई लड़ाई लड़ रहा है। लोग घरों में रहकर तो जरूरी सेवाओं से जुड़े योद्धा अपनी सेवाएं देकर कोरोना को मात देने में जुटे हुए हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोना के खिलाफ लड़ाई लडने के लिए 21 दिन के लॉक डाउन की घोषणा कर चुके हैं। सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कोरोनावायरस की कड़ी को फैलने से रोका जा सके।

### अपने-अपने अंदाज में समय का किया जा रहा इस्तेमाल

प्रधानमंत्री की अपील को हापुड़ में लोग घरों में रहकर सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

हापुड़ में लोग घरों में लूडो, अंताक्षरी आदि इंडोर गेम खेलकर अपना समय व्यतीत कर रहे हैं। यहां तक कि बच्चे पेंटिंग आदि बनाकर तो घर के बड़े और युवा भागवत गीता आदि धार्मिक और ज्ञानवर्धक किताबें पढ़कर अपने समय का बेहतर सदुपयोग कर रहे हैं। जिससे घर मे रहकर लॉक डाउन का पालन किया जा सके।

# एडीओ पंचायत सत्य नारायण सिंह के साथ निहारिका पटेल और एनवाईसी ने किया प्रचार–प्रसार

## जिलाधिकारी की अपील को घर–घर पहुंचाया, कहा कि लॉक डाउन ही कोरोना से बचाव का एकमात्र रास्ता

यूथ इण्डिया संवाददाता, **फर्रूखाबाद।** नेहरू युवा केन्द्र के पदाधिकारियों के साथ बढ़पुर ब्लाक के एडीओ पंचायत सत्यनारायण सिंह ने सोशल डिस्टेंसिंग का पाठ पढ़ाते हुए ग्रामीणों को पूर्व मिस फर्रुखाबाद निहारिका पटेल और उनकी टीम के साथ जागरूक किया। श्री सिंह ने जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अपील को पढ़कर सुनाया व टीम को घर–घर ले जाकर अपील सौंपी और लॉक डाउन का पालन करने की सलाह दी।

श्री सिंह ने लोगों से कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए लोग घरों में रहें। प्रशासन का साथ दें। हम हर जरूरी सुविधा को आपके घर पहुंचायेंगे। निहारिका पटेल ने महिलाओं का आह्वान किया कि वह बच्चों को साफ–सुथरा रखें। घर के आस–पास की नालियों में पानी कम बहायें जिससे कि डाला जाने वाला कीटनाशक बहे न। बीआरएस लॉन में बने क्वारन्टाइन शिविर में लोगों की सुविधा सामग्री दी। इस दौरान प्रधान हर्षवर्द्धन कटियार, ग्राम सचिव सुधीर श्रीवास्तव मौजूद रहे।



बीआरएस लॉन में लोगों को समझाते एडीओ व अन्य (फोटो:यूथ इण्डिया)

# सामानों को घर घर हुआ वितरण

अ.मे. संवाददाता

लालगंज। कालाकांकर रियासत के युवराज कुँवर भुमन्यू सिंह के दिशा निर्देशन में उदय अमन सिंह द्वारा जरुरत मन्द लोगों के घरों में आटा, चावल, नमक, सब्जियां और मसाला का एक पैकेट को पहुँचाया जा रहा है स गाँव शिव बक्स का पुरवा में जाकर लगभग दस ऐसे परिवार जिनकी रोजी रोटी मजदूरी पर ही आधारित है और लॉकडाउन की वजह से मजदूरी भी बंद है ऐसे परिवारों के बीच जाकर इन सामानों को उन तक वितरित किया।

# 'विकासखंड शिवराजपुर में नमामि गंगे एवं नेहरू युवा केंद्र कानपुर के निर्देशन में कोरोना वायरस के प्रति ग्रामीणों को किया गया जागरूक'

युवा गौरव।बृजेश कुमार तिवारी'

चौबेपुर बिल्हौर नमामि गंगे एवं नेहरू युवा केंद्र कानपुर नगर के द्वारा विकासखंड शिवराजपुर के एन वाई वी अजय कुमार के द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में कोरोना वायरस की बीमारी के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया इसी क्रम में अजय कुमार ने जिला परियोजना अधिकारी शशांक शुक्ला के निर्देशन में कोरोना वायरस की बीमारी के प्रति ग्रामीणों को विभिन्न जानकारी एवं जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं इसी परिपेक्ष्य में जय किशन नवादा में ग्रामीणों से कहा आप सभी के गांव में कहीं से भी कोई बाहरी व्यक्ति आता है तो उसकी तुरंत सूचना नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र या ब्लॉक मुख्यालय पर आप लोग दें जिससे उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया जा सके इस अवसर पर पूर्व एन वाई वी मानस शुक्ला ने भी विभिन्न जानकारी ग्रामीणों को दी उन्होंने कहा इस बीमारी से बचने के लिए हम लोगों को सावधानी की बहुत जरूरत है सभी लोगों को सोशल डिस्टेंस बनाकर रहने की जरूरत है मार्क्स आदि का प्रयोग करे माक्स आदि का आप लोग प्रयोग करें भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचे अधिक से अधिक बार अपने हाथों को साबुन या सैनिटाइजर से धोना चाहिए आदि जानकारी ग्रामीणों को दी





इस अवसर पर अजय कुमार ने कहा हम लोग लगातार विकास खंड के गांव में जाकर ग्रामीणों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करते रहेंगे इस अवसर पर विभिन्न गांव के लोगों को जागरूक किया गया मुंपोक्षा बिलहन कासामऊ जयकिशन निवादा गांव में नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से एन वाई वी शिवराजपुर अजय कुमार पूर्व एन वाई वी मानस शुक्ला आदित्य विकासखंड के युवा मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

# कोरोना से बचाव की अलख जगाएंगे वारियर्स

**फर्रुखाबाद।** कोरोना वायरस से बचाव का सबसे मुफीद तरीका है, सोशल डिस्टेंसिग। यह संक्रमण छूने से फैलता है, इससे हर व्यक्ति एक-दूसरे से न्यूनतम एक मीटर दूरी बनाकर रखे। इसके लिए जनपद में ब्लाकवार 50-50 वारियर्स तैयार किए जा रहे हैं, जो लोगों को जागरूक करेंगे। साथ ही बाहर से आने वाले व खांसी, जुकाम, बुखार, सांस की दिक्कत वाले मरीजों की जानकारी प्रशासन को देंगे। विकास भवन सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 10 कोरोना वॉरियर्स को प्रशिक्षण दिया गया। डीएम ने कहा कि ब्लाकवार 50-50 ऐसे कोरोना वॉरियर्स तैयार किए जाएं। यह टीम प्रशासन के संपर्क में रहेगी। लॉकडाउन के दौरान वारियर्स ग्रामीणों को सामाजिक दूरी बनाए रखने को जागरूक करने के साथ कालाबाजारी, घटतौली की भी सूचना देंगे। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे कोरोना वॉरियर्स से कॉन्फ्रेंस से बात कर लॉकडाउन की जानकारी ली। सीडीओ डा.राजेंद्र पैंसिया, जिला युवा कल्याण अधिकारी बृजेश यादव नेहरू युवा केंद्र की निहारिका पटेल, लोकेश आदि मौजूद रहे। संवाद

# माला पहनाकर किया सम्मान और लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के लिए किया जागरूक

प्रतापगढ़, विशेष संवाददाता(स्पष्ट आवाज़),आज पर्यावरण सेना द्वारा पंचायती राज विभाग और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मान्धाता ब्लॉक के बोझी गांव में कोरोना के विरुद्ध स्वच्छता के शस्त्र से महामारी को परास्त करने वाले सफाई कर्मचारी (स्वच्छता सेनानी) विजय प्रकाश और अशोक कुमार को पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया।इस मौके पर पर्यावरण



सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी से जहाँ पूरा देश जूझ रहा है वहीं फ्रंट लाइन योद्धा के रूप में स्वच्छता की अलख जगाकर कर स्वच्छता सेनानी के रूप में सराहनीय योगदान दे रहे हैं।हम सभी को चाहिए कि ऐसे कोरोना योद्धाओं का सम्मान करते हुए लॉक डाउन का पालन करें और देश को कोरोना की जंग से जीत सुनिश्चित करें।उन्होंने सभी लोगों से सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखते हुए अपने आवश्यक कार्य निपटाने की सलाह दी। इस मौके पर ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सहयोग से पर्यावरण सेना ने लोगों को मास्क और सेनेटाइजर वितरित किये।इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक नमन कुमार तिवारी,राजीव सिंह यादव, गांव की आशा रीना यादव, शरद चंद्र यादव, राज कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# नेहरू युवा केंद्र द्वारा कराई गई पोस्टर वीडियो जागरूकता प्रतियोगिता








**अपील घर पर रहें सुरक्षित करें**

न्यूज हीरो । नेहरु युवा केंद्र के तत्वाधान में पोस्टर व वीडियो जागरूकता प्रतियोगिता कराई गई। वीडियो जागरूकता प्रतियोगिता में डॉ वीरेन्द्र स्वरूप स्कूल की मान्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, बीएसबीडी स्कूल के यथार्थ ने द्वितीय व सेंट एंथोनी स्कूल की आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी बच्चों ने कोरोना वायरस से बचने की विभिन्न प्रकार के उपाय बताए। जिसमें बच्चो ने सोशल डिस्टेंसिंग को अपनाने, सुमन के मेथड के द्वारा 20 सेकंड तक हाथ धोने, घर से बाहर निकलने पर मास्क का प्रयोग करने आदि के बारे में बताया।इसके अतिरिक्त आरोग्य सेतु एप को डाउनलोड करने पर जोर दिया ।कुछ बच्चों ने कविता व गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। यह सभी बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को कोरोना वायरस से बचने के लिए अपनी बात पहुंचा रहे हैं। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले टॉप 10 बच्चों को लॉक डाउन के बाद सम्मानित किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की इस जंग में युवा भी अपने गांव और मोहल्लों में कार्य करके हर स्थिति को प्रशासन को अवगत करा रहे हैं।

# जागरूक कर लोगों को बांटे मास्क

वाराणसी । वड़ागांव व्लाक के खटौरा गांव में नेहरू युवा केंद्र के द्वारा कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। समाज सेवी एवं हाई कोर्ट अधिवक्ता चंदेश्वर सिंह ने वताया कि इस दौरान गरीव लड़कियों को मास्क का वितरण किया। इस मौके पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक दीक्षा सिंह, नागेश्वर सिंह, विजेश्वर सिंह, मोहित पटेल, प्रदीप आदि लोग थे।



## नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा लोगो को किया जागरूक

सेवापुरी।बड़ागांव विकास खंड के खटौरा गांव में नेहरू युवा केंद्र वाराणसी के द्वारा कोरोना के प्रति जागरूक किया गया मुख्य वक्ता समाज सेवी हाई कोर्ट अधिवक्ता चंदेश्वर सिंह ने बताया एक दूसरे से 1 फीट की दूरी से बात करना चाहिए व,सामाजिक दूरी बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया तथा लोगों से हैंड वास कराकर कोरोना के प्रति जागरूक किया गरीब लड़कियों को मार्क्स वितरण किया इस मौके पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक दीक्षा सिंह ,यूथ प्रेसिडेंट नागेश्वर सिंह ,विजेश्वर सिंह मोहित पटेल ,प्रदीप आदि लोग मौजूद रहे।

## नेहरू युवा केंद्र ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**कुर्था (एसएनबी)।** नेहरू युवा केंद्र भारत सरकार के के द्वारा एवं बिहार राज्य सरकार दिए गए दिशा निर्देश अनुसार आज हमारे इस भारतवर्ष में वैं वक महामारी के रूप में कोरोना वायरस का फैलाव भारत के हर राज्य में हो चुका है भारत सरकार के द्वारा तमाम सावधानियां बरतने हेतु टीवी न्यूज़पेपर सोशल मीडिया के द्वारा तरह-तरह विज्ञापन मै सावधानी बरतने के कार्य में बताया जा रहा है।

आज मै नेहरू युवा केंद्र अरवल के कुर्था प्रखंड के स्वयं सेवक गौरव कुमार पिंकी कुमारी कुर्था प्रखंड के तमाम गांव मे जाकर इस वैं यक महामारी कोरोना वायरस के बारे मे जानकारियां दी गई एवं लोगो को यह बताया गया कि हम अपने प्रधानमंत्री के द्वारा 21 दिनो के लॉक डाउन नियम का पूर्ण तरह से पालन करेंगे कोरोना वायरस से बचाव हेतु लोगों को बताया गया कि आप अपने घर मे बाजार मे सोशल डिस्टेंस बनाए रखें आप जब भी बाहर जाएं आप अपने चेहरे को मार्क्स से ढक दे हमेशा अल्कोहल बेस सैनिटाइजर का इस्तेमाल करे और हमारे प्रखंड के अंतर्गत रोजमर्रा की जिंदगी जीने वाले मजदूर भाइयो को बहनो को जिनका रोजाना का आय समाप्त हो चुका है आप उन सभी लोगो का ध्यान रखे जिसमे कुर्था के विभिन्न क्लब के अध्यक्ष से मिला गया महिला मंडल कुर्था, हिंदुस्तानी शिक्षण संस्था मुबारकपुर नेहरू युवा क्लब सच्चाई युवा विकास मंडल कुर्था युवा मंडल विकास समिति पंडित नेहरू युवा क्लब बारा क्लबयि वकर्मा युवा क्लब तमाम युवाओ से आग्रह किया गया कि हम इस वैं वक महामारी को भारतवर्ष में फैलने से रोकेंगे एवं हम अपने सरकार के दिए गए निर्देशों का पालन करेंगे भारतवर्ष युवाओं का देश है यहां 65 लोग युवा है अब हमारे जैसे युवाओं पर इस देश का भविष्य निर्भर करता है कि हम किस दिशा मे देश को ले चले तमाम युवाओं से आग्रह है की हम अपने सरकार के निर्देशानुसार चलने का प्रयास करे एवं लोगो को चलने के लिए प्रेरित करे।



जागरूकता कार्यक्रम चलाते महिलाएं।

## कोविड-19 से जंग के लिए बड़ी संख्या में वॉलेंटियर्स आ रहे आगे

**चुनौती का सामना**

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

कोरोना जैसी महामारी के चलते लॉकडाउन से जहां सब कुछ बंद पड़ा है और लोग घरों में कैद हैं। वहीं दूसरी ओर इन परिस्थितियों में भी आगे आकर सेवाभाव के साथ दूसरों तक मदद पहुंचाने वाले योद्धाओं की भी कोई कमी नहीं है। बड़ी संख्या में लोग स्वेच्छा से इस काम के लिए आगे आ रहे है। एनसीसी, रेडक्रास सोसाइटी, नेहरू युवा केंद्र संगठन और भारत स्काउट गाइड जैसे संगठनों से जुड़कर अब तक दो लाख से ज्यादा वॉलेंटियर्स इसके लिए आगे आए है। इनमें सबसे ज्यादा 1.17 लाख वॉलेंटियर्स नेहरु युवा केंद्र संगठन के हैं। फिलहाल इन सभी को मैदान में उतारने से पहले खास प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

वहीं महामारी बन चुके कोरोना संकट से निपटने में इस संगठनों के अलावा एनएसएस और नागरिक संगठनों के लोग भी मदद के लिए आगे आ रहे हैं। फिलहाल इस वर्कफोर्स का गठन राज्य के साथ-साथ प्रत्येक जिला स्तर पर भी किया जा रहा है। जो जिला मजिस्ट्रेट की निगरानी में काम कर रहा है। हालांकि सरकार ने इन वॉलेंटियर्स को मैदान में उतारने के पहले स्वास्थ्य कर्मियों की तरह विशेष प्रशिक्षण के बाद ही उतारने का फैसला किया है। जिस पर तेजी से काम शुरू भी हो चुका है। रेडक्रास सोसाइटी ने ऐसे समय में मदद देने के लिए आगे आ रहे लोगों को कोरोना योद्धा नाम दिया है।

नेहरू युवा केंद्र संगठन से जुडे एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक सभी राज्यों में संगठन बड़ी संख्या में वॉलेंटियर्स को तैयार कर रहा है। इनके पहले चरण का प्रशिक्षण भी पूरा हो गया है। इसके तहत मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए थे। अब यह सभी जिला स्तर पर प्रशिक्षण देने का काम करेंगे। फिलहाल यह सारा प्रशिक्षण लोगों को घर बैठे और ऑनलाइन माध्यमों से दिया जा रहा है।

**इन कामों में दे रहे हैं सहयोग**

कोरोना के खिलाफ छिड़ी इस जंग में स्वेच्छा से लोगों की मदद के आगे आए इन वॉलेंटियर्स को खास प्रशिक्षण के बाद जिन क्षेत्रों में लगाया जा रहा है, उनमें हेल्थ, कम्यूनिकेशन, अतिआवश्यक सेवाएं और ऐसी स्थिति में रात-दिन जरूरी सामान तैयार करने वाले उद्योग आदि हैं। इसके अलावा इन्हें लोगों को जागरूक करने, बुजुर्गों की मदद, डेड बॉडी मैनेजमेंट, मरीजों का परिवहन, लोगों को भीड़ से बचने और दूरी रखने के लिए जागरूक करने, हॉटस्पॉट वाले क्षेत्रों में घर-घर लोगों तक जरूरी खाने-पीने और दवा को पहुंचाने के साथ पुलिस थानों से जुड़कर लोगों की मदद देने में लगे हैं।